भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)

11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001

दिनांक : 09 अप्रैल, 2013

<u>भाजपा जम्मू–कश्मीर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष</u>
<u>श्री दया कृष्ण कोतवाल के निधन पर जारी शोक संदेश</u>

भारतीय जनता पार्टी जम्मू कश्मीर के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री दया कृष्ण कोतवाल जी का आज दिल्ली में असामयिक निधन हो गया। स्वर्गीय श्री दया कृष्ण कोतवाल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने कठिन परिश्रम और मेहनत कर अपना पूरा जीवन संगठन के विस्तार के लिए समर्पित कर दिया। उत्तर भारत में भाजपा के विकास और विस्तार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

माननीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय कोतवाल जी जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा जी के समय से ही संगठन कार्य में सक्रिय थे। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जम्मू–कश्मीर के एकीकरण के प्रयास के लिए चलाए जा रहे अभियानों में श्री कोतवाल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे जम्मू–कश्मीर में राष्ट्रवादी विचार की आवाज थे। कठिन एवं विषम परिस्थितियों में भी कार्य करते हुए उन्होंने हमेशा कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई की। उनका असामयिक निधन जम्मू–कश्मीर के भाजपा कार्यकर्ताओं तथा वहां की जनता के लिए अपूरणीय क्षति है। भारत की एकता–अखंडता के लिए उनका योगदान हमेशा स्मरण किया जाता रहेगा।

उनके असामयिक निधन का समाचार मिलते ही भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर फैल गई। उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी, संगठन महामंत्री श्री रामलाल जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री जे पी नड्डा सहित कई कार्यकर्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह जी, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता श्रीमती सुषमा स्वराज जी, राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता श्री अरुण जेटली जी आदि अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक–संतप्त परिवार से दूरभाष पर वार्ता कर अपनी संवेदना प्रकट कर सांत्वना दिया।

श्री कोतवाल जी का असामयिक निधन भाजपा के लिए गंभीर क्षति है जिसकी सहज पूर्ति सम्भव नहीं। श्री कोतवाल जी गत कई दिनों से बीमार थे। उनका इलाज दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहा था जहां समय–समय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता उनसे निरंतर संपर्क में रहे तथा भाजपा सहयोग प्रकोष्ठ के सह–संयोजक श्री सुरेश श्रीवास्तव ने बीमारी के समय उनके उत्तम इलाज आदि व्यवस्था की चिंता करते रहे। हम सभी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं और ईश्वर से कामना करते हैं कि इस कठिन समय में उनके शोक–संतप्त परिवार को उबरने का साहस प्रदान करें।

(ओ.पी.कोहली)
मुख्यालय प्रभारी